बुधवार, 5 फरवरी 2025
वर्ष 6, अंक 76, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO, 05, BOTTOM

# कैंसर विजेताओं ने साझा किए अनुभव



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस पर श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने मंगलवार को कैंसर विजेताओं का सम्मान किया। कैंसर को मात देने वालों ने बीमारी की जानकारी और उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए।

चेयरमैन देवमूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस में 2007 में कैंसर इंस्टीट्यूट स्थापित की गई थी, तब से अब तक यहां 40 हजार से ज्यादा मरीजों का उपचार किया जा चुका है। इससे पहले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष अग्रवाल ने कैंसर से बचाव के उपाय बताए और सेंटर में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों के बारे में जानकारी दी। गायनी ओंको सर्जन कर्नल डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी ने कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं, इसका इलाज संभव है। कैंसर विजेता बरेली से संगीता देवी, अनीता अग्रवाल, शशिबाला, विमला देवी, विजय कुमार गुप्ता, राजेश्वरी देवी, बृजपाल सिंह, आस्मा, खुशनुमा, राम प्रसाद, ओमशीला, मुरादाबाद की शकुंतला खान, हल्द्वानी से कमला, महासिंह, शाहजहांपुर से रेशम सिंह, काशीपुर से चोखे सिंह, काला डूंगी से रमा देवी को सम्मानित किया गया। पीजी स्टूडेंट डा. मिशा ने कैंसर मरीजों की परेशानी को कविता के माध्यम से उठाया। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. बिंदू गर्ग आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. रशिका सचान ने किया।